वर्ष- 02 अंक- 138
छपरा
8 अप्रैल,मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत

जोधपुर,एजेंसी। जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई।

आसाराम 14 जनवरी से 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर था। ये पीरियड खत्म होने पर 1 अप्रैल को आसाराम ने सरेंडर कर दिया था। उसी रात वह प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हो गया था और अभी भी वहीं पर भर्ती है।

इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

मुंबई,एजेंसी। मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई।

मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

मणिपुर में मुस्लिम भाजपा नेता का घर जलाया

नए वक्फ बिल का समर्थन किया था

नई दिल्ली,एजेंसी। नए वक्फ कानून का समर्थन करने पर मणिपुर के थोउबल जिले में रविवार को भीड़ ने भाजपा बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असगर अली मकाकमयुम के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।घटना के बाद असगर अली ने माफी मांगी और केंद्र सरकार से नए वक्फ कानून को वापस लेने की अपील की। उन्होंने पोस्ट में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया। असगर अली ने लिखा – कृपया इस मुद्दे पर राजनीति न करें। मैंने जो कुछ भी कहा, अगर उससे किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं माफी चाहता हूं। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस कानून को वापस ले लिया जाए। इस बीच, आज राष्ट्रीय जनता दल (RJD) नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगा।

देश में अगले 11 दिन भीषण गर्मी का अनुमान

बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, म.प्र. में हीटवेव; जानें मौसम विभाग का अलर्ट

नई दिल्ली,एजेंसी। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज सोमवार को 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और रतलाम में लू चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है। दिल्ली में तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। आज पूर्वोत्तर राज्यों में ओले गिरने के आसार केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

राहुल बोले- ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट

पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन

मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे

बेगूसराय,पटना,एजेंसी। सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और RSS पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंट्स विथ लाइज लिखेंगे। RSS पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग, ईबीसी सेकंड सिटीजन है। शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा,

अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।

बिहार में हाल ही में बदले गए कांग्रेस जिलाध्यक्षों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमारे जिलाध्यक्षों की लिस्ट में 2 तिहाई अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब हमने दो तिहाई दलित-गरीबों को शामिल किया है।

जातीय गणना से आपको हक दिला पाएंगे

राहुल गांधी ने कहा- तेलंगाना में हमने जातीय गणना करवाई। अगर आप तेलंगाना में उन लोगों की लिस्ट निकाले जिन्होंने बैंक से लोन लिया है तो उसमें कोई ईबीसी, दलित, आदिवासी नहीं मिलेगा। तेलंगाना में जाति का पूरा का पूरा डेटा हमारे पास है। इससे हम आपको आपका हक दिलवा सकते हैं। मोहन भागवत कहते हैं, जातीय गणना नहीं होनी चाहिए। अगर आपको चोट लगती है तो डॉक्टर कहता है कि एक्स-रे करो। इससे कुछ नुकसान नहीं होता। वहीं एक्स-रे हम कर रहे हैं।

मजदूरी करने वाले 90 फीसदी दलित-आदिवासी

राहुल ने कहा कि, अगर आप मजदूरों की लिस्ट निकालो, घर में काम करने वालों की लिस्ट निकालो तो 90 फीसदी दलित, आदिवासी, गरीब हैं। तेलंगाना का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है, जो मोदी जी आपको नहीं देना चाहते हैं। मैंने मोदी जी को संसद में सामने से बोला कि ये जो 50 फीसदी आरक्षण की फेक दीवार बना रखी है, उसे आप नहीं तोड़ेंगे तो हम तोड़ कर रहेंगे।

पीएम मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ रहने के महत्व पर जोर दिया

पीएम ने कहा - आरोग्यम परम भाग्यम।

नई दिल्ली ,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वस्थ रहने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही परम सौभाग्य और धन है। एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक स्वस्थ दुनिया बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और लोगों के स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम एक स्वस्थ दुनिया बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और लोगों के स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है! पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। एक वीडियो साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने मोटापे के मुद्दे को उठाया और लोगों से खाना पकाने के तेल का सेवन 10 प्रतिशत कम करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, खास तौर पर मोटापे की बढ़ती चिंता को संबोधित किया, जो एक बड़ा स्वास्थ्य खतरा बन गया है। उन्होंने हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक 440 मिलियन से ज़्यादा भारतीय मोटापे से पीड़ित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आरोग्यम परम भाग्यम, यानी आरोग्य ही परम भाग्य, परम धन है। बेहतर स्वास्थ्य ही बेहतर भविष्य के निर्माण का रास्ता है। आज हमारी बदलती जीवनशैली हमारे स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन रही है। हाल ही में मोटापे पर एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें कहा गया था कि 2050 में

44 करोड़ से ज़्यादा लोग मोटापे से पीड़ित होंगे। ये संख्याएँ डराने वाली हैं। हमें अभी से इस पर काम करना होगा।

कांग्रेस बोली- राज्य के नौजवानों को न्याय का हक दिलाकर रहेंगे

पदयात्रा के दौरान ही कांग्रेस पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया कि आज राहुल गांधी ने पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में कदमताल कर यात्रा के संदेश को मजबूती के साथ बुलंद किया। बिहार के युवाओं को पलायन नहीं, उन्हें खुद के प्रदेश में रोजगार मिले। यह हमारी यात्रा का लक्ष्य है। यह यात्रा बिहार के संघर्ष की आवाज और उम्मीद है। हम वर्षों से अन्याय झेल रहे राज्य के नौजवानों को न्याय का हक दिलाकर रहेंगे।

ममता बोलीं: काबिल टीचर्स के लिए कोर्ट का फैसला अन्यायपूर्ण

मत समझिए हमने इसे स्वीकार किया, यह कहने के लिए जेल भेज सकते हैं

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उन शिक्षकों और स्टाफर्स से मुलाकात की, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे।

ममता ने यह मुलाकात कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है। ÷

दरअसल, 3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन की 2016 में 25,752 शिक्षकों और स्टाफर्स की नियुक्ति को अवैध बताते हुए भर्ती रद्द कर दी थी। अदालत ने कहा था कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां थीं।

सुवेंदु अधिकारी बोले- ममता मुख्य आरोपी, उन्हें जेल जाना होगा

भाजपा लगातार इस मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और उन्हें जेल भेजने की मांग कर रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को भाजपा विधायकों के साथ मिलकर ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिकारी ने कहा- ममता बनर्जी को जेल जाना होगा। वह मुख्य आरोपी हैं। उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने नौकरियों के बदले 700 करोड़ रुपए की रिश्वत ली है।

तेलंगाना सरकार का बड़ा कदम; 400 एकड़ जमीन मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली,एजेंसी। तेलंगाना सरकार ने कांचा गाचीबोवली में 400 एकड़ जमीन से जुड़े मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की। याचिका में कथित तौर पर झूठी कहानियां फैलाने के लिए एआई-जनित सामग्री का इस्तेमाल करने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।यह याचिका मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा कथित झूठे आख्यानों पर गंभीरता से संज्ञान लेने के बाद दायर की गई थी, जो हैदराबाद विश्वविद्यालय से सटे 400 एकड़ भूमि पर आईटी अवसंरचना विकसित करने के सरकार के कदम में बाधा डाल रहे हैं।

उन्होंने 5 अप्रैल को अधिकारियों को हैदराबाद विश्वविद्यालय की भूमि पर कथित अतिक्रमण के संबंध में भ्रामक एआई सामग्री के निर्माण की जांच के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया था।

जयपुर जिंदा बम केस:

5 नए गवाहों ने पलटी बाजी:4 आरोपियों के खिलाफ 112 सबूत से मजबूत हुआ केस

अब सख्त सजा का इंतजार

जयपुर,एजेंसी। जयपुर में 13 मई 2008 को हुए सिलसिलेवार बम ब्लास्ट मामले से जुड़े जिंदा बम केस में कोर्ट ने 4 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान और शहबाज को 8 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी। ये चारों वही हैं, जो सीरियल बम ब्लास्ट के मुख्य केस में कमजोर इन्वेस्टिगेशन के चलते बरी हुए थे।एक जिंदा बम चांदपोल बाजार में रामचंद्र जी मंदिर के सामने रेंजर साइकिल पर मिला था। इस केस में बाजी पलट गई। कोर्ट में 5 नए गवाह व सबूत ही इस केस की मजबूती का आधार बने। स्पेशल कोर्ट के जज रमेश जोशी ने आरोपियों को जिन धाराओं में दोषी माना गया है, उसमें अधिकतम उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। राजस्थान सरकार (अभियोजन पक्ष) की ओर से क्या दलील व सबूत पेश किए गए? इस केस की पैरवी से जुड़े सरकारी वकील (विशेष लोक अभियोजक) ने बताया कि कोर्ट में क्या-क्या दलीलें दी गईं?



मोहम्मद सरवर आजमी | शाहबाज अहमद | सैफुर्रहमान | मोहम्मद सैफ

रिटायर्ड मजिस्ट्रेट के केस में पहली बार हुए बयान

सरकारी वकील सागर तिवाड़ी ने बताया कि 8 सीरियल ब्लास्ट केस में चारों आरोपियों को हाईकोर्ट ने जब बरी किया तब जांच में कई कमियां बताई थीं। उन कमियों दूर किया गया। राज्य सरकार ने 5 नए गवाहों के बयान भी कराए हैं। इनमें तत्कालीन इंस्पेक्टर राजेंद्र नैन, तत्कालीन एडीजी ए के जैन, पत्रकार प्रशांत टंडन और साइकिल तैयार करने वाले दिनेश महावर शामिल हैं। भोपाल के तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी तिवाड़ी के स्पेशल कोर्ट में 4 अक्टूबर 2023 को पहली बार बयान दर्ज हुए। तत्कालीन सीजेएम ने अपनी गवाही में कहा कि उन्होंने सैफुर्रहमान का रिमांड दिया था।

कोलकाता में रामनवमी रैली पर टारगेट

बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का दावा- गाड़ियों पर पत्थर बरसाए गए, पुलिस ने कहा- परमिशन नहीं थी

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के भाजपा अध्यक्ष और सांसद सुकांत मजूमदार ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता के पार्क सर्कस सेवन पॉइंट इलाके में रामनवमी की रैली पर हमला हुआ। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर वीडियो शेयर कर मजूमदार ने लिखा- सिर्फ भगवा झंडा ले जाने पर गाड़ियों पर पत्थर बरसाए गए। शीशे (विंडशील्ड) तोड़ दिए गए। अराजकता फैलाई गई। यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि टारगेट हिंसा थी।

सुप्रीम कोर्ट परिसर के 26 पेड़ों को ट्रांसप्लांट की मंजूरी:260 नए पेड़ लगाने के शर्त पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट भवन के विस्तार के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने परिसर में खड़े 26 पेड़ों के ट्रांसप्लांट की मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत नए कोर्टरूम, कॉन्स्टीट्यूशनल कोर्ट, जजों के चैबंर और वकीलों के लिए अच्छी सुविधाएं बनाई जाएंगी।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट प्रोजेक्ट डिविजन-1 और सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (CPWD) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 26 पेड़ ट्रांसप्लांट करने की परमिशन मांगी थी। इसको जस्टिस जस्मीत सिंह की बेंच ने मंजूरी दे दी।इसके बाद अब परिसर में मौजूद 16 पेड़ों को सुप्रीम कोर्ट गेट A और B के बीच बगीचे की किनारे वाली जगह पर ट्रांसप्लांट किया जाएगा। वहीं 10 पेड़ गेट नंबर 1 के पास एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के कोने में शिफ्ट होंगे।

मंजूरी से पहले कोर्ट ने 260 नए पेड़ लगाने का शर्त रखा था दिल्ली हाईकोर्ट ने पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की इजाजत देने से पहले 26 पेड़ों के बदले 260 नए पेड़ लगाने की शर्त रखी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वकील सुधीर मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि ये सभी 260 पेड़ सुंदर नर्सरी में लगाए जा चुके हैं।हाईकोर्ट ने कहा- ट्रांसप्लांट के लिए ट्री ऑफिसर नया स्पीकिंग ऑर्डर दे कोर्ट ने कहा कि पेड़ ट्रांसप्लांट को लेकर ट्री ऑफिसर का पहले वाला आदेश (स्पीकिंग ऑर्डर) नहीं माना गया। इस कारण ट्री ऑफिसर को दो हफ्तों के अंदर नया स्पीकिंग ऑर्डर देना होगा। इसमें दिल्ली प्रिजर्वेशन ऑफ ट्रीज एक्ट (DPTA) और पहले के कोर्ट फैसलों के आधार पर पर्मिट देना होगा।

पिछले दिनों तेलंगाना में पेड़ काटने का विरोध हुआ, सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया

पिछले महीने तेलंगाना में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कटाई हुई। इसको लेकर हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बड़ी संख्या में विरोध किया। इस पर जब देशभर में विरोध शुरू हुआ तो सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा- तेलंगाना सरकार को जमीन पर पेड़ों की सुरक्षा के अलावा कोई गतिविधि नहीं करनी चाहिए।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य में पेड़ों की कटाई को बहुत गंभीर बताया। पीठ ने कहा- तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट इसकी खतरनाक तस्वीर दिखाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। इसके अलावा पीठ ने तेलंगाना के मुख्य सचिव से यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर पेड़ काटकर काम शुरू करने की जल्दी पर जवाब मांगा है। साथ ही पूछा है कि क्या राज्य ने इस तरह की गतिविधियों (पेड़ों की कटाई) के लिए पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का असेसमेंट सार्टिफिकेट लिया है।

पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित

दैनिक खोज खबर/छपरा। दरियापुर प्रखंड के शहर छपरा मे शहीद स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहें । उपस्थित लोगों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. दिलीप सिंह, सामजिक कार्यकर्त्ता बबलू सिंह, पंकज सिंह, मुन्ना सिंह डुमरी, धर्मनाथ सिंह, गुड्डू, सुमंत बाबा एवं उनके परिवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सभी लोगो ने उनके जीवनी पर अपना अपना विचार व्यक्त कियाऔर उनके द्वारा किये गए कार्य की सराहना की।

मलाही-ठीका के बीच माही नदी पर बनेगा पुल, गांव के विकास को मिलेगी रफ्तार - विधायक

दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)। प्रखंड क्षेत्र के बेला पंचायत अंतर्गत मलाही और ठीका गांव के बीच माही नदी पर पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुल निर्माण का टेंडर हो चुका है और अब जल्द ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ होगा। यह जानकारी स्थानीय विधायक छोटे लाल राय ने डेरनी बाजार में आयोजित एक भेंट वार्ता के दौरान दी।विधायक श्री राय ने बताया कि मलाही गांव के ग्रामीणों ने लंबे समय से पुल निर्माण की मांग की थी। इसे लेकर उन्होंने लगातार प्रयास किया, जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत इस पुल को मंजूरी मिली और अब इसका टेंडर भी निकाला जा चुका है।विधायक ने कहा कि इस पुल के बन जाने से मलाही, रघुपुर, पुरदिलपुर, लोहछा, ठीका, ककरहट समेत कई गांवों का आपसी संपर्क सुलभ होगा। इससे न सिर्फ आवागमन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब यातायात की सुविधा बेहतर होती है और सड़कें अच्छी होती हैं, तो गांव का विकास तय होता है।इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय, कपिंद्र राय, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश राय सहित कई लोग उपस्थित रहे। बेला पंचायत के उपमुखिया ओम प्रकाश पांडेय ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गांव के विकास को लेकर जो कदम उठाया गया है, उसके लिए हम गांव की ओर से धन्यवाद देते हैं।

रिटायर्ड हेड कॉन्स्टेबल जय किशोर प्रसाद का अस्पताल में इलाज के दौरान निधन

माँझी। माँझी नगर पँचायत के पकड़ी बाजार निवासी एवम बीएसएफ के रिटायर्ड हेड कॉन्स्टेबल जय किशोर प्रसाद उम्र 76 वर्ष का रविवार को छपरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। निधन की सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुँचे परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। बाद में शव के पकड़ी बाजार पहुँचने के बाद उनके दरवाजे पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई तथा लोगों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की एवम परिजनों को सांत्वना दी। स्व प्रसाद के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा तीन पुत्र एवम एक पुत्री हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं। सोमवार को माँझी श्मसान घाट पर उनका दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। इससे पहले हजारीबाग से पहुँचे बीएसएफ के जवानों ने उनके शव पर तिरँगा ओढ़ाकर उनको सलामी दी। सोमवार को पकड़ी बाजार से निकली स्व प्रसाद की शवयात्रा में सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार , हेम नारायण सिंह,राणा प्रताप उर्फ डब्ल्यू सिंह,ई सौरभ सन्नी,बिट्टू राय,मनोज प्रसाद,जय किशोर सिंह,विक्की यादव,उमाशंकर ओझा,पिन्टू ओझा तथा बंटी यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। मुखाग्नि मृतक के ज्येष्ठ पुत्र एवम मणिपुर के इम्फाल में पोस्टेड सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर अजय प्रसाद ने दी।

मशरक में निजी जमीन से चोरी से मिट्टी काटा, शिकायत दर्ज

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के चैनपुर गांव में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा के पीछे घोघाड़ी नदी के किनारे निजी जमीन से चोरी से मिट्टी काट बेचने का मामला सामने आया है मामले में थाना पुलिस और सीओ ने लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। चैनपुर गांव निवासी कुंदन सिंह ने बताया कि गांव में ही भारतीय स्टेट बैंक के पीछे नदी किनारे से उनके निजी जमीन से मिट्टी काट कर बेचा जा रहा था उसी की जानकारी मिलने पर जब वहां पहुंचे तों देखा कि निजी जमीन से 15 फीट गढ़ा कर मिट्टी काटा जा रहा है जब पुछताछ की गयी तो उसी गांव के मंटू कुमार मारपीट पर उतारू हो गया। मामले में थाना पुलिस जांच में जुटी है।

अंग्रेजी शराब के साथ एक पासिंग मैन गिरफ्तार, मौके पर दो मोटरसाइकिल जप्त

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। पहलेजा थाना क्षेत्र के खरिका चौक के पास पहलेजा पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक पासिंग मैन को गिरफ्तार करते हुए मौके पर 2 मोटरसाईकिल को जप्त कर लिया। उक्त बात की जानकारी देते हुए पहलेजा अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने सोमवार को बताया कि सबलपुर से एक मोटरसाइकिल पर 2 शराब कारोबारी जो तीन कार्टून में रखे कुल 20 लीटर अंग्रेजी शराब खरिका शराब पहुंचने जा रहा था जहां खरिका चौक के नजदीक पुलिस ने शक के आधार पर दोनों मोटरसाईकिल को पीछा किया जहां पासिंग मैन को मौके पर गिरफ्तार कर लिया जबकि एक मोटरसाइकिल पर शराब रखें 2 शराब कारोबारी शराब क़े कार्टून फेंक कर भागने में सफल रहा। जबकि एक मोटरसाइकिल पर दो शराब पासिंग मैन आगे आगे जा रहा था इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोचने में कामयाब हुआ जिसमें एक पासिंग मैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपर थाना अध्यक्ष में बताया कि तीन कार्टून में रखें कुल 20 लीटर अंग्रेजी शराब जिसमें 750 एमएल के 4 पीस,180 एमएल के 95 पीस कुल 99 पीस अंग्रेजी शराब जो मैकडॉला ब्रांड का है। इस छापामारी में दो मोटरसाइकिल जप्त की गई है। गिरफ्तार पासिंग मैन सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर नवल टोला के बिंदेश्वर राय के पुत्र सत्येंद्र राय को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

श्रीराम जन्मोत्सव सत्संग समारोह का भव्य समापन

दैनिक खोज खबर/जलालपुर। प्रखंड के जलालपुर बाजार पर चल रहे 30वें श्रीराम जन्मोत्सव सत्संग समारोह का वैदिक मंत्रोचार के साथ समापन हुआ। श्री राम जन्मोत्सव सत्संग समारोह के प्रवचन कार्यक्रम में अंतिम दिन रविवार की देर संध्या तक हजारों सुधी श्रोताओं की उपस्थिति रही।लोक गायक चंदन सिंह मिंटू के नेतृत्व मे श्रीराम दरबार की भव्य झांकी निकाली गई। अंतिम दिन प्रवचन करते हुए देवरिया से पधारे अखिलेश मणि शांडिलय ने कहा कि लोग पूछते हैं कि भगवान श्री राम को इस धरा पर आने का कारण क्या है?तो सब जान ले जब-जब होई धर्म की हानि, बाढेऊ असुर अधम अभिमानी । जब-जब धरती पर दुराचार, पापाचार, भ्रष्टाचार बढ़ता है,जब जब दुष्टो का बोलबाला होता है जब-जब साधु संत महात्मा सताए जाने लगते हैं तब प्रभु श्री राम दुष्टो का संहार कर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान राम अपने चरित्र के माध्यम से हम मनुष्यों को जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तभी धन्य होगा जब हम राम के पद चिह्नो पर चलेंगे।सप्ताह भर चले इस सत्संग समारोह में चौरी चौरा से हेमंत तिवारी, प्रिया प्रदर्शनी, अयोध्या से प्रकाश चंद्र विद्यार्थी झांसी से अनिल शास्त्री, संत दामोदर दास जी महाराज भक्तों के बीच श्री राम कथा सुना रहे थे। इसके पहले सांसद सिग्रीवाल ने सभी संतो को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर उन्होने कहा कि आयोजन कर्ता धन्यवाद के पात्र है जिनके अथक प्रयास से यह कार्यक्रम भव्य व सफल रहा।प्रवचन कार्यक्रम का संचालन पूर्व एच एम रामकुमार सिंह ने किया। वही प्रतिदिन संगीतय प्रस्तुति में सहयोग स्थानीय राम जानकी संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद मिश्रा और उनकी टीम ने किया। आयोजन समिति के सदस्य प्रशांत तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 30वां श्री राम जन्मोत्सव सत्संग का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य गण अध्यक्ष बनारस सिंह कार्यकारी अध्यक्ष विमल तिवारी,कृष्णा सिंह प्रभु नाथ सिंह,अशोक सिंह, रणजीत सिंह ललन प्रसाद, ललन देव तिवारी,मनोज मिश्रा हरीश तिवारी, राजेश सिंह,प्रभात पांडेय प्रशांत तिवारी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य बन गया। उन्होंने जलालपुर के सुधी श्रोताओं को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने हजारों की संख्या में उपस्थित होकर इस प्रवचन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

उच्च विद्यालय मशरक में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत के राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में सोमवार को विद्यालय उत्कृष्ट छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें एक सौ से अधिक छात्र छात्राओं को उनके अभिभावक की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार एवं शिक्षकों ने मेडल मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधान मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के निरंतर देखरेख में छात्र छात्रा बनाए हुए है। जिसकी वजह से वे कक्षा 9वीं से 12वीं तक के परीक्षा परिणाम, खेलकूद, संगीत, इको क्लब सहित अन्य विभागीय गतिविधि में हमेशा अव्वल आते है। आवश्यकता इसमें सदैव निरंतरता की है। समारोह का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया। सम्मानित होने वालों में मैट्रिक में 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले रितिका कुमारी, शारदा कुमारी , चांदनी कुमारी, रोशनी कुमारी , आकांक्षा कुमारी, अनुष्का कुमारी , ज्योति कुमारी, अनिकेत कुमार, प्रियांशु साहनी, दिव्य सोनी जबकि इंटर के आदित्य गुप्ता, सुनीता कुमारी, अतुल कुमार, आदित्य तिवारी, खुशी कुमारी, प्रिया, फिरदौस, गुनगुन सहित अन्य शामिल रहे। खेलकूद में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दीपशिखा कुमारी, शिवम कुमार सिंह शबाना खातून, दूजा कुमारी, करिश्मा कुमारी, रीमा कुमारी, रिंकी सिंह सम्मानित किए गए। कक्षा नवम एवं 11वीं में बेहतर करने वाले सोनम कुमारी, सहित दर्जनों पुरस्कृत हुए।

कथावाचक आचार्य रविरंजन तेजस्वी जी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया

माँझी। माँझी नगर पँचायत के कुँवर टोली में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तीसरे दिन रविवार की कथा में पहुँचे महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने कथावाचक आचार्य रविरंजन तेजस्वी जी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवान की कथा जहां होती है वहां सारे तीर्थ स्वयं ही आ जाते है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य त्रयताप से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। इस अवसर पर कथावाचक ने कहा कि ज्ञान रूपी कौशल्या,उपासना रूपी सुमित्रा एवं क्रिया रूपी कैकेई के द्वारा राजा दशरथ को चारों पुत्रों की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि जहां भगवान की कथा होती हैं वहाँ सभी देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर श्री तेजस्वी द्वारा प्रस्तुत सोहर व भजन का श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समारोह में भाजपा नेता हेमनारायण सिंह,जयकिशोर सिंह,मनोज प्रसाद, अमरजीत सिंह,कमल शर्मा,पूजा शर्मा,खुशबू ठाकुर,प्रो शिवाजी सिंह,अंकित सिंह राणा तथा निशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

पूर्व शिक्षक सूर्य नारायण सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित

दैनिक खोज खबर/भेल्दी/छपरा। बांसडीह निवासी पूर्व शिक्षक सूर्य नारायण सिंह के निधन पर बिहार पेंशनर समाज, अमनौर द्वारा बांसडीह धर्मशाला में शोक सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सोहन पंडित ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने किया।सभा में सचिव गणेश ठाकुर, ठाकुर प्रसाद राय, रघुनाथ दास, राम शंकर सिंह, बैजनाथ राय सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की मौत, पुत्र घायल

- बेटी की शादी के लिए तिलक समारोह हेतु बर्तन खरीदने जा रहे थे, बेटी की शादी पर संकट
- ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने ट्रक जब्त किया

दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)। सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-परसागढ़ रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित 18 चक्का ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में नवतन बाजार निवासी दयानंद साह (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पुत्र कृष्णा साह सोनी (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी पाकर मौके पर एकमा थाने के पुलिस पहुंच गई। कृष्णा साह को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकम में पहुंचाया गया। वहीं इधर तक दयानंद साह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर छपरा भेज दिया गया। जहां से शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

बेटी की शादी की तैयारी में थे पिता-पुत्र–बताया गया है कि दयानंद साह अपने बेटे कृष्णा के साथ नवतन बाजार से परसागढ़ बाजार में अपनी बेटी की शादी के लिए तिलक समारोह हेतु बर्तन खरीदने जा रहे थे। जब वे एकमा-परसागढ़ रोड पर पेट्रोल पंप व हुस्सेपुर गांव के गेट के बीच स्थित बंद पड़े ईंट-भट्ठे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दयानंद साह सड़क पर गिर गए और ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कृष्णा साह सोनी सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए।

ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने ट्रक जब्त किया– बताया गया है कि हादसे के बाद ट्रक चालक परसागढ़ से आगे केसरी के समीप ट्रक छोड़कर फरार हो गया। एकमा थाना पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि ट्रक व चालक की पहचान की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये हैं।

अन्नू बाबा फाउंडेशन द्वारा रामनवमी पर आयोजित बैठक में उद्देश्यों को विस्तारित करने को लेकर हुई चर्चा

दैनिक खोज खबर/चौरा (बलिया), 06 अप्रैल। अन्नू बाबा फाउंडेशन, पिपराकलां के आयोजकत्व में रामनवमी के शुभावसर पर फाउंडेशन के संरक्षक, बाबू केशव प्रसाद सिंह के चौरा स्थित आवास पर एक अनौपचारिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें फाउंडेशन के उपसचिव, अमरेश सिंह, कोषाध्यक्ष, प्रवीण प्रताप सिंह, बौद्धिक प्रमुख, विवेकानंद सिंह, श्रवण सिंह, चंदन सिंह, मनीष सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। सर्वप्रथम उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने संरक्षक को श्रीरामनवमी की शुभकामनाओं के साथ अंगवस्त्रम भेंट किया, तत्पश्चात प्रवीण प्रताप सिंह ने फाउंडेशन के उद्देश्य तथा अबतक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फाउंडेशन द्वारा विगत वर्ष लक्ष्मणपुर चट्टी पर बने स्वागत द्वार का जीर्णोद्धार कराया और अब अन्नू बाबा की एक भव्य मूर्ति के निर्माण की तैयारी में सलंग्न है। अमरेश सिंह और श्रवण सिंह ने सदस्यों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, विवेकानंद सिंह ने उपस्थित सदस्यों को संरक्षक महोदय का जीवनवृत बताते हुए कहा कि केशव प्रसाद सिंह, 1964-65 में सरस्वती शिशु मंदिर, जगदीशपुर (जो उन दिनों वर्तमान एलआईसी कार्यालय के पीछे स्थित बबुआजी के हाता में था) के प्रधानाचार्य थे, इसके बाद आप इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में रहे और अंततः आगरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत हुए। आप आगरा में विगत कई वर्षों से संस्कार भारती नाट्य केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाते रहे है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित किया है।केशव प्रसाद सिंह ने कुछेक कार्ययोजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि अन्नू बाबा फाउंडेशन सर्वसाधारण के सर्वांगीण विकास के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है, इसके लिए सभी सदस्यों को साधुवाद।

मेंटेनेंस के कारण मंगलवार को 9 बजे से दो बजे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

ग्रिड से नगरा पॉवर हाउस तक 33 केवी लाइन में होंगे छंटाई और मरम्मत कार्य

दैनिक खोज खबर/नगरा। अमनौर ग्रिड से नगरा पॉवर हाउस तक आने वाली 33 केवी उच्चदाब विद्युत लाइन में रूटीन मेंटेनेंस एवं पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य मंगलवार को किया जाएगा.इस कारण 8 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.इस संबंध में जानकारी देते हुए बनियापुर के सहायक विद्युत अभियंता अमरजीत कुमार ने बताया कि इस अवधि में नगरा पॉवर हाउस से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी.उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने जरूरी कार्य सुबह 9 बजे से पहले ही निपटा लें,ताकि बिजली कटौती के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो.वहीं नगरा विद्युत कनीय अभियंता मो. ओबैदुल्लाह अंसारी ने बताया कि लाइन की मरम्मत एवं देखरेख कार्य नियमित सुरक्षा उपायों के तहत किया जाएगा ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को कोई समस्या नहीं हो सके और बिजली आपूर्ति मिल सके.

शपथ पत्र की मांग किये जाने से नाराज सेविकाओं ने सीडीपीओ कार्यालय के बाहर किया हंगामा

दैनिक खोज खबर/मांझी। आंगनबाड़ी सेविकाओं को अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए सीडीपीओ द्वारा शपथ पत्र की मांग किये जाने से नाराज सेविकाओं ने सोमवार को सीडीपीओ कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रही नाराज सेविकाओं ने आरोप लगाया कि सीडीपीओ पूजा रानी ने सोमवार को शाम चार बजे शपथ पत्र उपलब्ध कराने की सूचना दी जबकि कल मंगलवार को छपरा के डीईओ कार्यालय में पर्यवेक्षिका पद के लिए उनका काउंसिलिंग किये जाने की तिथि पहले से निर्धारित है। सेविकाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें काउंसिलिंग से वंचित किये जाने की सीडीपीओ की सोची समझी रणनीति के तहत ऐसा किया जा रहा है। उधर इस सम्बंध में पूछे जाने पर सीडीपीओ ने अपने ऊपर लगाए आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि अनुभव प्रमाण पत्र के लिए शपथ पत्र जरूरी है। उन्होंने सेविकाओं की सहूलियत के लिए शपथ पत्र को उनके वाट्सप पर उपलब्ध कराने की सूचना दी। सीडीपीओ के आश्वासन से असंतुष्ट सेविकाओं ने अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की माँग को लेकर मंगलवार को छपरा डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीएचसी मशरक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक सीएचसी में सोमवार को डॉ चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि आज के दौर में खान-पान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा करके भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। मौके पर चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी, डॉ ललिता कुमारी समेत एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने अस्पताल परिसर में नर्सिंग स्टाफ और मरीजों के बीच लड्डू का वितरण किया। सभी से राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे उत्तम धन है। आज के परिवेश में स्वस्थ रहना अपने-आप में चुनौती है। हमेशा अपने लिए समय निकालें और स्वस्थ रहते हुए अपने कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि शरीर में ही स्वास्थ्य मन का वास होता है। इसलिए, शारीरिक एवं मानसिक रूप से सभी को स्वस्थ रहना होगा, तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

पुलिस से हुए विवाद में पुलिस ने 10 लोगों पर दर्ज किया प्राथमिकी

दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)। खैरा थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर में डीजे वाले पिकअप के ऊपर बैठने को लेकर मना करने पर पुलिस से हुए विवाद को लेकर सअनि नागेंद्र प्रसाद ने 10 लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी में कृष्णा कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, मंटू राय, दीपक कुमार, संजय कुमार, अनुज कुमार, सूरज कुमार उर्फ कालू, विनय कुमार व धीरज कुमार नामजद बताए जाते है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए प्रकाश कुमार राय नामजद व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तीसरे दिन सांसद ने कथावाचक को अंग वस्त्र से किया सम्मानित

दैनिक खोज खबर/मांझी। मांझी नगर पंचायत के कुंवर टोली में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा की तीसरे दिन रविवार की कथा में पहुंचे महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने कथावाचक आचार्य रविरंजन तेजस्वी जी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवान की कथा जहां होती है वहां सारे तीर्थ स्वयं ही आ जाते है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य त्रयताप से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। इस अवसर पर कथावाचक ने कहा कि ज्ञान रूपी कौशल्या,उपासना रूपी सुमित्रा एवं क्रिया रूपी कैकेई के द्वारा राजा दशरथ को चारों पुत्रों की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि जहां भगवान की कथा होती हैं वहाँ सभी देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर श्री तेजस्वी द्वारा प्रस्तुत सोहर व भजन का श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समारोह में भाजपा नेता हेमनारायण सिंह,जयकिशोर सिंह,मनोज प्रसाद, अमरजीत सिंह,कमल शर्मा,पूजा शर्मा,खुशबू ठाकुर,प्रो शिवाजी सिंह,अंकित सिंह राणा तथा निशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

शराब कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

एकमा (सारण)। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के आदेशानुसार व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर एकमा थाना पुलिस ने पूर्व के शराब कांड संख्या 101/25 में फरार चल रहे अभियुक्त किशोर सिंह को परसागढ़ से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि अभियुक्त किशोर सिंह हरपुर गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह के पुत्र हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बीएसएफ रिटायर्ड कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत

दैनिक खोज खबर/मांझी। मांझी नप के पकड़ी बाजार निवासी एवम बीएसएफ के रिटायर्ड हेड कॉन्स्टेबल जय किशोर प्रसाद उम्र 76 वर्ष का रविवार को छपरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। निधन की सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुँचे परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। बाद में शव के पकड़ी बाजार पहुँचने के बाद उनके दरवाजे पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई तथा लोगों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की एवम परिजनों को सांत्वना दी। स्व प्रसाद के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा तीन पुत्र एवम एक पुत्री हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं। सोमवार को माँझी श्मसान घाट पर उनका दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। इससे पहले हजारीबाग से पहुँचे बीएसएफ के जवानों ने उनके शव पर तिरँगा ओढ़ाकर उनको सलामी दी। सोमवार को पकड़ी बाजार से निकली स्व प्रसाद की शवयात्रा में सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार , हेम नारायण सिंह,राणा प्रताप उर्फ डब्ल्यू सिंह,ई सौरभ सन्नी,बिट्टू राय,मनोज प्रसाद,जय किशोर सिंह,विक्की यादव,उमाशंकर ओझा,पिन्टू ओझा तथा बंटी यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। मुखाग्नि मृतक के ज्येष्ठ पुत्र एवम मणिपुर के इम्फाल में पोस्टेड सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर अजय प्रसाद ने दी।

सबलपुर में अखंड अष्ट्याम यज्ञ का हुआ समापन

सोनपुर। विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के पवित्र भूमि सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत पुरानी चाईटोला बिंदटोली महारानी स्थान परिसर में राम जन्मोत्सव को लेकर सबलपुर में 24 घंटा चलने वाला अखंड अष्ट्याम यज्ञ सोमवार को संध्या में हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति की गई।

पुराने विवाद में महिला को पीटकर किया जख्मी

मढ़ौरा । थाना क्षेत्र के माधोपुर में पुराने विवाद में हुई एक मारपीट की घटना में एक महिला सुरेंद्र शाह की 50 वर्षीय पत्नी वेदावती देवी जख्मी हो गई। घटना को लेकर जख्मी महिला ने प्राथमिक की दर्ज कराई है। जिसमें अपने पड़ोसी पंकज ठाकुर, विकास ठाकुर, सुभावती कुमारी, शारदा देवी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी आरोपी उसके घर पर आए और उसे गाली देने लगे। जब उसने मना किया तो सभी लाठी, डंडा से मारपीट कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिए। इस दौरान शारदा देवी ने उसके गर्दन से सोना का मंगलसूत्र झपट लिया।

चैनपुर बाजार की बंदोबस्ती 15 को

सिसवन (सिवान) ⁼प्रखंड के चैनपुर बाजार की बंदोबस्ती की प्रक्रिया 15 अप्रैल को बीडीओ सिसवन के कार्यालय में की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि इसमें भाग लेने वाले को सुरक्षित राशि 14 अप्रैल को संध्या पांच बजे तक प्रखंड नाजीर के पास सुरक्षित राशि जमा करना होगा।

सड़क दुर्घटना में शिक्षिका की मौत

मैरवा (सिवान) ⁼थाना क्षेत्र के मैरवा- दरौली मुख्य मार्ग के सिसवा दलित बस्ती के निकट सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की घटनास्थल पड़ी मौत हो गई। वह विद्यालय से लौट के बाद दरौली मोड़ पर बस से उतर कर अपने पति के साथ बाइक से घर वापस लौट रही थी। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव निवासी संजय श्रीवास्तव की पत्नी श्रीवास्तव अंजुला घनश्याम लाल के रूप में हुई है। वह पचरुखी प्रखंड में बीपीएससी टीआरई-1 की शिक्षिका थी। बताते हैं शीतलपुर निवासी शिक्षिका श्रीवास्तव अंजुला घनश्याम लाल रोज की तरह सुबह ट्रेन से पचरुखी प्रखंड स्थित अपने विद्यालय गई थे।विद्यालय प्रातः कालीन था। अपराहन 12⁼30 बजे विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वह सड़क मार्ग से मैरवा लौट रही थी।बस से मैरवा धाम पर उतरने के बाद उन्होंने अपने पति को फोन किया। उनके पति संजय श्रीवास्तव बाइक से मैरवा धाम पहुंचे और उन्हें लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मैरवा दरौली मुख्य मार्ग के सिसवा दलित बस्ती के निकट जैसे ही वह अपने गांव की तरफ पगडंडी रास्ते से जाने के लिए मुड़े तभी सामने से आ रहे एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह संतुलन खोकर गिर पड़े। बाइक पर पीछे बैठी उनकी पत्नी शिक्षिका श्रीवास्तव अंजुला घनश्याम लाल को सिर मे गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल शिक्षिका को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत्य बताया।इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले अंत्य परीक्षण के लिए सिवान भेज दिया।

सब की शिक्षा एक समान होनी चाहिए

नीरज कुमार।

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जिसने निजी स्कूलों की बदौलत अपने लोगों को शिक्षित किया हो और तरक़्क़ी हासिल की हो। कई देशों में एक इलाक़े के सभी बच्चे एक-साथ पढ़ते हैं, चाहे उनके परिवारों की आर्थिक - सामाजिक हैसियत कुछ भी हो। ऐसे देशों में प्राइवेट स्कूल या तो हैं ही नहीं, या नाममात्र हैं। हमें राम मनोहर लोहिया के इस नारे को याद करने की ज़रूरत है-

राष्ट्रपति की हो या हो मज़दूर की संतान, सबकी शिक्षा एक समान!: जब उनके-हमारे, यानी अमीर-ग़रीब, सबके बच्चे एक-साथ पढ़ेंगे तो सरकारी/निगम के स्कूल सचमुच साझे हो जाएँगे और पढ़ाई का स्तर अपने आप सुधरेगा।

सब स्कूलों को बेहतर बनाने का इससे ज़्यादा सस्ता और टिकाऊ उपाय कोई नहीं है। लेकिन जब सारे बच्चे एक-साथ एक ही स्कूल में पढ़ेंगे, तब भी ऐसा हो सकता है कि अफ़सर और मज़दूर के बच्चों के बीच में भेदभाव बरता जाए। किसी को ज़्यादा मौक़ा दिया जाए, किसी को कम। हमारे स्कूलों में जातिगत और लड़के-लड़की के बीच के भेदभाव का इतिहास भी यह साबित करता है कि स्कूल एक होने से ही सबके साथ होने वाला व्यवहार बराबरी का नहीं हो जाता।

फिर, स्कूल के एक होने से स्कूल के बाहर की दुनिया भी एक नहीं हो जाएगी। किसी को घर पर काम करना पड़ता है, परिवार की कमाई के लिए हाथ बँटाना पड़ता है, तो कोई बिना इन मजबूरियों के पूरा ध्यान और वक़्त पढ़ाई पर लगाने को आज़ाद होता है।

तो समान स्कूल व्यवस्था एक ज़रूरी शर्त है, पूरी शर्त नहीं : सिर्फ़ शिक्षा और स्कूल समाज में ऊँच-नीच, अमीर-ग़रीब का फ़र्क़ ख़त्म नहीं कर सकते, लेकिन बच्चों को बराबरी और इंसाफ़ का सपना देखना तो सिखा सकते हैं, इसके लिए विचार तो जगा सकते हैं और इस सपने को पूरा करने के लिए उन्हें तैयार तो कर सकते हैं।

(लेखक ⁼नीरज कुमार, समाजिक चिंतक)

प्रो. सत्यदेव और गोप के दुगोला गायन के रोचक मुकाबले में बही भक्ति व प्रेम की रसधारा

शास्त्रीय वादक व गायक रामदुलार गिरि के वादन- गायन से लोग हुए आत्ममुग्ध

दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)। थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के कठैया बाबा कुटी प्रांगण में रामनवमी की रात्रि चैता गायन का मुकाबला सम्पन्न हुआ. पंचायत के दो गांवों बनपुरा और माधोपुर के बीच हुए गायन मुकाबले में एक से बढ़ कर एक पारम्परिक व क्लासिक चैता गायन का आनंद ग्रामीणों ने लिया. मेजबान बनपुरा गांव से वेदांती व लोक गायक पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्यदेव राय ने पारम्परिक घांटों चैता ए रामा सुरसती मातवा जोड़ीले दुनूं हाथवा ए रामा... से गायन प्रारंभ की.फिर रामलला जन्म आधारित चइत महीनवा,राम जी जनमनी ए रामा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पटेल जी कइले स्वाधीनवा ए रामा हैदराबाद के आदि गीत का गायन कर अध्यात्म के साथ देशभक्ति के जज्बा का एहसास कराया. माधोपुर गांव से लोकगायक रामेश्वर गोप ने राम का गुण गान करिये ,मचिया बइठल रानी कौशल्या सोहर गीत और कहवां में रामजी के जन्म भइल बधाई गीत की प्रस्तुति कर लोगों को झुमाया और रामनवमी समारोह की सार्थकता सिद्ध की. मौके पर प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक व तबलावादक रामदुलार गिरी का गायन व वादन सुन श्रोता भाव विभोर हो गये. कैलाश ठाकुर, बैकुंठ राय ,अवधेश राय, कन्हैया राय,अखिलेश राय,प्रमोद ठाकुर,काली सिंह,विकास राय ,त्रिभुवन राय,अर्जन राय,बैंकटेश राय,छोटू राय,कृपाल साह आदि थे।

गेहूं के खेत में मवेशी जाने के विवाद को लेकर मारपीट

मढ़ौरा। थाना क्षेत्र के टेहटी में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने? 15 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार गेहूं के खेत में मवेशी जाने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। प्रथम पक्ष से वकील महतो की पत्नी ज्ञान्ती देवी ने प्राथमिकी में कहा है कि उसका भैंस का बच्चा ब्रह्मदेव महतों के खेत में चरने चला गया था। इसको लेकर उनकी पत्नी संकुतला देवी उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रही थी। इसका विरोध करने पर ब्रह्मदेव महतों, जगदीश महतों, द्वारिका महतों, दिलिप महतों विद्या महतों, ललन महतों, बबन महतों दरवाजे पर चढ़कर लाठी डंडा एवं अन्य धारदार हथियार से मारपीट किये?। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे उसके देवर के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से ब्रह्मदेव महतों की पत्नी सुकुन्ती देवी ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसके गेहूं के खेत में चर रहे थे। मवेशी को निकालने की बात कहने पर वकिल महतों ,सुनिल महतों, ज्ञान्ती देवी, आजाद महतों, अशोक महतों सहित नामित आठ लगों ने उसके साथ मारपीट किया और उसके गहने छीन लिए ।

आपसी विवाद में महिला से मारपीट

मढ़ौरा। थाना क्षेत्र के अंवारी में आपसी विवाद में एक महिला को मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी महिला शमीम हसन की पत्नी सहाना प्रवीण ने स्थानीय थाना में एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अपने पड़ोसी सैदा खातून उसके पति रियाजुद्दीन को आरोपित किया है?। प्राथमिकी ने कहा है कि ईद के दिन आरोपी उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। सैदा खातुन ने आरोप लगाया की वह नई साड़ी पहनकर झमक रही है। उसने अपने पति को आवाज दी रेयाजुद्दीन ने उसकी साड़ी को खींचकर उसे बेपर्दा करने का प्रयास किया। बाद में हल्ला होने पर गांव के लोग जूटे तब झगड़ा शांत हुआ। इस बीच सैदा खातून ने उसके कान से सोने की बाली खींच ली। पीड़ित महिला ने पति के घर आने पर देर से प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है ।

स्वच्छता पर्यवेक्षक व कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

दैनिक खोज खबर/बनियापुर । रविवार को बिहार राज्य अराजपत्रिक कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के 20वें जिला सम्मेलन में शामिल होने से पूर्व, बनियापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित क्रीड़ा मैदान में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मी एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया. स्वच्छताकर्मी संघ के प्रखंड अध्यक्ष, गोविंदा कुमार राय ने सरकार के रवैये पर दुःख व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि स्वच्छताकर्मियों को समय पर मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जो कि कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चिंता का विषय है. इसके अलावा, उन्होंने संविदाकर्मियों का दर्जा सरकार द्वारा छीने जाने पर भी रोष व्यक्त किया. सभी अपनी मांगों के समर्थन में क्रीड़ा मैदान बनियापुर में उपस्थित कर्मियों ने इस निर्णय का विरोध किया और अपनी आवाज बुलंद की. कार्यक्रम में कोर कमिटी के सदस्य लालबिहारी साह, मिंटू कुमार, इंतजार अहमद, राहुल कुमार, ऋतू ओझा, प्रिंस कुमार, संजय कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, कुणाल कुमार, समशील आलम, गुड्डू कुमार राय बिटू कुमार सहित अन्य पर्यवेक्षक और स्वच्छताकर्मी भी उपस्थित रहे. विरोध प्रदर्शन के बाद सभी कर्मी जिला सम्मेलन में भाग लेने के लिए छपरा के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह के लिए रवाना हुए. इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सरकार से अपनी मांगों को शीघ्र हल करने की अपील की।

बड़गांव शिव मंदिर में रुद्र महायज्ञ 18 से, तैयारी जोरों पर

मैरवा (सिवान) ⁼प्रखंड के बड़गांव में रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 18 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। इस कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। इसकी तैयारी जोरों चल रही है। महायज्ञ में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रामलीला एवं रासलीला का मंचन प्रतिदिन किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय कथावाचक पंडित बाल विकास विष्णुकांत शास्त्री द्वारा प्रवचन किया जाएगा। यज्ञकर्ता नेपाली बाबा ने बताया कि 25 अप्रैल को शिव प्राण प्रतिष्ठा और 26 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

महायज्ञ की तैयारी को लेकर हुई बैठक

बनियापुर (दैनिक खोज ख़बर) । ग्रामदेवी पिंडिका प्रतिष्ठा महायज्ञ सह जय माता दी प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी चल रही है. ग्रामीणों ने बताया कि पिरौटा पंचायत अंतर्गत बारोपुर गाव में 10-14 अप्रैल तक यज्ञ का संचालन वेदाचार्य सह साहित्याचार्य पं मधुसूदन दुबे के नेतृत्व में किया जा रहा है. जहां प्रतिदिन के लिये अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित है. प्रथम दिन विशाल जलभरी के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा और अंतिम दिन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा. इस बीच प्रतिदिन मूर्धन्य संतो के श्रीमुख से यज्ञ स्थल पर प्रवचन भी किया जाएगा. यज्ञ को सफल बनाने के लिये समिति के लोग, शत्रोहन सिंह, संकुमार सिंह, राणाप्रताप सिंह मुकेश साह मुखिया प्रतिनिधि,अभितोश सिंह, अमित सिंह,बोलबम सिंह, विकि सिंह, शंकर सिंह, रविंद्र सिंह, राजकिशोर सिंह, चंदन कुमार सिंह सहित तमाम ग्रामवासी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे है।

रामनवमी जुलूस का मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प की वर्षा कर किया स्वागत

गुठनी (सिवान) ⁼प्रखंड मुख्यालय में रविवार की देर शाम रामनवमी जुलूस के दौरान गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रदर्शन देखने को मिला। हुआ यूं कि रामनवमी की जुलूस गुठनी बाजार के पटेल चौक होते हुए ईदगाह के पास पहुंचा वहां पूर्व से तैयार मुस्लिम समाज के लोगों ने रामभक्तों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस दौरान आगे चल रहे पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं जब भगवान श्रीराम व हनुमान प्रतिमा ईदगाह के सामने आई तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जेसीबी और ट्राली पर चढ़कर पुष्पवर्षा की। इसके साथ ही सभी रामभक्तों को मुंह मीठा करा तथा शीतल पेयजल के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के नेता और शिक्षक अब्बास हाशमी ने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर हम सभी मुसलमानों को भी हर्ष है। साथ ही एकसाथ रहनेवाले हम सभी आपस में प्रेम, भाइचारा व सौहार्द पूर्वक पर्व-त्योहर एक-दूसरे के साथ साझा करते हैं। इस मौके पर मुंशी मियां, गुड्डू मियां, समेत दर्जनों युवक मौजूद थे।

इसुआपुर के नवादा चंवर में हुए विस्फोट में एक जख्मी

चंवर में क्रूड ऑयल का पता लगाने के दौरान हुई घटना

दैनिक खोज खबर/इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के नवादा गांव के चंवर में सोमवार को जोरदार विस्फोट होने की आवाज पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस वारदात की जानकारी होने पर पुलिस भी सकते में आ गई। एसडीपीओ मढ़ौरा -2 अमरनाथ, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह इसुआपुर पुलिस के साथ घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। भारी संख्या में स्थानीय लोग भी इकट्ठे हो गए। विस्फोट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की सुबह चार चारपहिया वाहनों से एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की टीम चंवर में पहुंची। पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि हम लोग सरकारी आदमी हैं। यहां की मिट्टी के अंदर क्रूड ऑयल का पता लगाने आए हैं। इसी दौरान लगभग 200 गज की दूरी में छ⁼स्थानों को चिन्हित कर मशीन से होल किया गया। इस दौरान इस कार्य में प्रयुक्त होने वाला डेटोनेटर जो माइंस में पत्थर तोड़ने में प्रयुक्त किया जाता है। उसी डेटोनेटर के विस्फोट से कार्य कर रहा एक मजदूर इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल मजदूर उत्तर प्रदेश के जिला कौशाम्बी थाना पेन्सा गांव एमाबारी के गरीब दास का पुत्र रामबाबू बताया जा रहा है। जो मजदूर का काम करता है। विस्फोट में बुरी तरह घायल हो गया। घायलावस्था में रेफरल अस्पताल मढ़ौरा ले जाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। जहां मजदूर की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार अल्फाग्यो प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा भारत सरकार एवं बिहार सरकार के अनुमति से सारण के इसुआपुर थाना अंतर्गत समाहर्ता सारण की अनुमति के पश्चात से संबंधित सर्वे का काम मोतिहारी से रोहतास तक किया जा रहा है। जिसमें जमीन के अंदर से क्रूड ऑयल एवं गैस खोज करवाया जा रहा है। जिसमें निर्धारित बिंदु पर करीब 30 मीटर जमीन के अंदर तक मजदूरों द्वारा ड्रिल कर वायर एवं डेटोनेटर कनेक्ट कर जमीन के अंदर विस्फोट कर सेंसर के माध्यम से आयल एवं गैस का पता लगाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को करीब 11⁼30 बजे वायर में डेटोनेटर कनेक्ट कर छेद में डालते समय डेटोनेटर विस्फोट हो गया।

जांच में पहुंचे पुलिस अधिकारी

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो घायल

सिसवन (सिवान) ~थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार सिसवन-रघुनाथपुर मुख्य सड़क पर भागर गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में भागर निवासी श्रीनाथ महतो के पुत्र राजनारायण महतो घायल हो गए जबकि ईसोपुर गांव में हुई सड़क दुर्घटना में गांव के हीराम बाबू राम की पत्नी कौशल्या देवी घायल हो गई।

भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी की सफलता पर चर्चा

आंदर (सिवान) ~दरौली विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या छह एवं सात पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान लोगों को पार्टी की सफलता तथा नीतियों से अवगत कराने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में एक युग की शुरुआत भाजपा ही कर सकती है। छह अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में की गई थी। इन 45 वर्षों में अटल जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत एक विकसित दिशा में बढ़ रहा है। साथ ही आठ एवं नौ अप्रैल को विधानसभा स्तर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करने की बात की गई। साथ ही 10, 11 और 12 अप्रैल को गांव, बस्ती एवं मोहल्ला चलो अभियान चलाने की जानकारी दी गई। इस मौके पर भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम, जिलामंत्री कुंदन सिंह, मुनी भगत, शिवजी भगत, डा. ब्रजेश्वर नारायण शर्मा, सुरेंद्र पासवान, मुन्ना मिश्रा समेत दर्जनों भाजपा नेता उपस्थित थे।

माडल टेबल से कक्षा हो रही संचालित

हसनपुरा (सिवान) ~प्रखंड के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय सोमवार से कक्षाएं प्रातः 6:30 बजे से संचालित होना शुरू हो गई है। यहां माडल टेबल के अनुसार कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व पाठित विषयों के अनुसार पठन पाठन का कार्य किया गया। वहीं नौ बजे मध्यांतर और अपराह्न 12:20 तक बच्चों को विषयवार शिक्षा दी गई। वहीं प्रात:काल विद्यालय होने से बच्चों ने गर्मी के मौसम में राहत की सांस ली है। इस दौरान सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं समय पर विद्यालय पहुंच पठन-पाठन का कार्य करते देखे गए। तत्पश्चात सभी शिक्षक शिक्षिकाएं 12:30 में अपने घर को प्रस्थान किए।

फोर्टिफाइड चावल को लेकर एमओ ने की बैठक

महाराजगंज (सिवान) ~प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रंजन कुमार की अध्यक्षता में पीडीएस दुकानदारों की बैठक हुई। बैठक में फोर्टिफाइड चावल से संबंधित चर्चा की गई। एमओ ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल पोषण से भरपूर होता है। इसमें विटामिन बी2, आयरन और फोलिक एसिड जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। यह स्वस्थ भारत की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पीडीएस दुकानदारों को राशन कार्डधारकों को प्रति माह वितरण करने के लिए फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया कि फोर्टिफाइड चावल की विशेषता से उपभोक्ताओं को अवगत कराते हुए जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सकें।

संत गंगा दास उर्फ मुजिया बाबा के समाधि पर भंडारे का आयोजन

भगवानपुर हाट (सिवान) ~प्रखंड क्षेत्र के रामपुर स्थित के बहियारा चंवर स्थित संत गंगा दास उर्फ मुजिया बाबा के समाधि पर दो दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि चैत्र रामनवमी के दिन प्रति वर्ष इस निर्जन जंगल में भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर रात्रि में भजन कीर्तन कर गुरु की महिमा का बखान किया गया। इस मौके पर कीर्तन में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं दूसरे दिन सोमवार को भंडारे में शामिल संत महात्माओं को वस्त्र देकर विदाई की गई।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

तरवारा (सिवान) ~जीबी नगर थाना क्षेत्र के माधोपुर ग्रामीण बैंक के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात बाइक की टक्कर से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान माधोपुर निवासी रमेश तिवारी के 45 वर्षीय पुत्र उमेश तिवारी रूप में हुई है। बताया जाता है कि उमेश तिवारी अपनी साइकिल पर सवार होकर जिन बाबा के तरफ से अपने गांव लौट रहे थे तभी माधोपुर ग्रामीण बैंक के समीप तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर उनकी साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाइक चालक अपनी गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। समाजसेवी राकेश यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल उमेश तिवारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के स्वजन द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्रीराम जन्मोत्सव पर दरौली में निकली शोभा यात्रा

आंदर (सिवान) ~दरौली में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार की दोपहर बजरंग दल हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रशासन गश्त करती रही। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान समेत आदि देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर थानाध्यक्ष रौशन कुमार, बीडीओ दीप्ति शिखा, सीओ विद्याभूषण कुमार भारती, एसआइ अनिल सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ललन चौधरी, भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम, नवीन सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग, 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

आंदर (सिवान) ~असांव थाना क्षेत्र के कटवार गांव में सोमवार को बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से करीब 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह खेत के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार से शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेहूं फसल में आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते आग पूरी तरह खेत में फैल गई और देखते ही देखते 10 बीघे में खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने पंपसेट के माध्यम से किसी तरह आग पर काबू पाया अन्यथा और आग और तबाही मचाती। इस अगलगी में कटवार निवासी दोहाई भगत, रामसिंगार यादव, लोचन चौहान समेत अन्य किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। जदयू जिला सचिव सुशील गुप्ता ने अंचलाधिकारी नीलम कुमारी से पीड़ितों को फसल क्षति मुआवजा दिलाने की मांग की है।

फायरिंग मामले में प्राथमिकी

नौतन ~थाना क्षेत्र के नौतन बाजार में रविवार को दो बाइक सवारों द्वारा की गई फायरिंग मामले में पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने बताया कि इस मामले में थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र राज सिंह ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि वह अपने साथी मंटू कुमार कुशवाहा, इशाद अंसारी, सिंटू सिंह व अन्य के साथ बाजार से सामान खरीद रहा था तभी दो बाइक पर सवार होकर पंकज यादव, धनंजय यादव व अज्ञात लोग पहुंचे और मेरे ऊपर फायरिंग करने लगे। मैं किसी तरह जान बचाकर भागा। ज्ञात हो कि पुलिस ने घटनास्थल से एक गोली एवं एक खोखा बरामद की है।

ट्रक चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का भंडाफोड़

चोरी की 04 ट्रक बरामद कर 09 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

दैनिक खोज खबर/छपरा। जलालपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जलालपुर थाना कांड सं0-62/25 के चोरी गयी ट्रक को जिस गिरोह द्वारा चोरी किया गया था वे लोग अभी मुजफ्फरपुर, हाजीपुर मुख्य मार्ग स्थित रूप बसंत लाइन होटल के पास आनेवाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में 01 टीम गठित कर बताये गये स्थान पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में जलालपुर थाना कांड सं0-62/25 के चोरी गयी ट्रक को बरामद कर 07 अभियुक्त को पुलिस अभीरक्षा में लिया गया। तत्पश्चात पकड़ाये व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो पकड़ाये व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि इस ट्रक को दिनांक-02.04.25 को जलालपुर, सारण से चोरी कर लाये थे, जिसके खरीद बिक्री हेतु हमलोग यहाँ आये हुए हैं। इस अवैध कार्य में प्रयुक्त 01 कार एवं 01 मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया। पकड़ाये व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली गयी एवं सभी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर मुजफ्फपुर जिला के नगर थाना अन्तर्गत गुदरी रोड स्थित इंडिया गैरेज में संबंधित थाना के सहयोग से विधिवत छापामारी कर गौरा थानाक्षेत्र से दिनांक-28.03.25 को चोरी गयी ट्रक बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुनः मुजफ्फपुर जिला के कांटी थाना अन्तर्गत चाँदनी चौक स्थित नागेन्द्र ठाकुर के गैरेज में स्थानीय थाना के सहयोग से विधिवत छापामारी कर बनियापुर थाना क्षेत्र से दिनांक 16.03.25 को चोरी गयी ट्रक एवं 01 अन्य ट्रक बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में जलालपुर थाना कांड सं0-65/25, दिनांक-06.04.25, धारा-317 (4)/317(5) /338/336 (3)/340(2)/318(4)/111 बीएनएस दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस गिरोह में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता

1. विनोद सहनी, पिता-स्व0 रघुनाथ सहनी, साकिन-बॉध रोड आश्रम घाट, थाना-नगर, जिला-मुजफ्फरपुर।

2. कुन्दन कुमार, पिता अनिरूद्ध सिंह, साकिन-सुबिदिया नथन, थाना- मनियारी, जिला-मुजफ्फरपुर।

3. राहुल सिंह, पिता-कृष्णनंदन सिंह, साकिन-हरिनाही, थाना-बरूराज, जिला-मुजफ्फरपुर।

4. लवकेश कुमार, पिता-कृष्णदेव तिवारी, साकिन- फतेहपुर, थाना-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर। 5

. किशन कुमार, पिता-विनोद सहनी, साकिन-बॉध रोड आश्रम घाट, थाना-नगर, जिला-मुजफ्फरपुर।

6. सतेन्द्र कुमार, पिता-भोला राय, साकिन- रामपुर खजुरिया, थाना-डुमरिया घाट, जिला-पूर्वी चम्पारण।

7. दिपक कुमार, पिता-सतेन्द्र प्रसाद यादव, साकिन-मठिया बरियारपुर, थाना-पिपरा कोठी, जिला-पूर्वी चम्पारण।

8. राकेश कुमार, पिता-नागेन्द्र पासवान, साकिन-मिठनपुरा, थाना-मिठनपुरा, जिला-मुजफ्फरपुर।

9. नागेन्द्र ठाकुर, पिता यमुना ठाकुर, साकिन- भिमलपुर, थाना- कॉटी, जिला-मुजफ्फरपुर ।

पराली जलाने से रोकने हेतु किसानों को किया गया जागरूक

हुसैनगंज (सिवान) ~कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन एवं पराली जलाने से रोकने के लिए प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जागरुकता अभियान चलाकर किसानों को प्रशिक्षित किया गया। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर, चाप, छाता, मचकना, हथौड़ा, बघौनी, खानपुर खैरांटी, पश्चिमी हरिहांस, बड़रम, पूर्वी हरिहांस के साथ ही अन्य सभी पंचायतों में कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन एवं पराली जलाने से रोकने हेतु किसान जागरुकता अभियान चलाकर किसानों को प्रशिक्षित किया गया। इस संबंध में प्रतापपुर पंचायत भवन पर कृषि समन्वयक राजीव रंजन द्वारा पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति घटती है। वायुमंडल में सल्फर डाइआक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड की मात्रा बढ़ने से व धुआं फैलने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मनुष्यों को सांस लेने में कठिनाई होती है जिससे घातक बीमारियां होती है। फसल अवशेष जलाने से भूमि में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणु एवं कई मित्र कीट तथा केंचुआ मर जाते हैं। पराली प्रबंधन हेतु कृषि यंत्रों यथा हैप्पी सीडर, रोटरी मल्चर एवं एक्स्ट्रा रीपर पर कृषि विभाग द्वारा अनुदान का भी प्रावधान है। किसान पराली से भूसा बनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। कृषि समन्वयक ने बताया कि खेत में पराली जलाने वाले किसान सावधान हो जाएं, क्योंकि ड्रोन की माध्यम से आसमान से नजर रखी जा रही है, पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बिजली की शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में 10 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जली

गुठनी (सिवान) ~थाना क्षेत्र के भरौली गांव में सोमवार की सुबह बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने भारी तबाही मचाई। इस दौरान हुई अगलगी में करीब 10 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की माने तो आग उस समय लगी जब ग्रामीण गेहूं की कटनी कर अपने घर लौट आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाई वोल्टेज विद्युत तार से निकली चिंगारी गेहूं की खेत गिरते ही फसल में आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग काफी दूर तक फैल गई। ग्रामीण खेतों में आग की लपट व धुआं निकलता देख शोर मचाना शुरू किए। घटना की सूचना मिलते ही करीब आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण पहुंच आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीण मिट्टी डाल एवं पंपसेट चला आग को नियंत्रण करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष व अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिले के कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची तब तक 10 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जिन किसानों की फसल जली है उनमें अर्जुन ठाकुर, लालबाबू यादव, चंद्रिका यादव, राघो राय, बलिंद्र राय, शेखावत अंसारी, ईश्वरी राम, हरेराम गोड़, विद्यानंद प्रसाद, बृजकिशोर शर्मा, हरेंद्र गोड़, मैनुद्दीन अंसारी समेत आधा दर्जन से अधिक किसान शामिल हैं। ग्रामीणों कहना था कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन घटना घट रही है। क्षेत्र में जर्जर व लुंजपुंज तारों को विभाग से कहने के बावजूद इसे ठीक नहीं किया जाता है। इसका परिणाम आए है कि आए दिन शार्ट सर्किट से अगलगी की घटनाएं घट रही हैं। इस संबंध में बीडीओ डा. संजय कुमार व सीओ डा. विकास कुमार ने बताया कि अगलगी की जांच करा पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

गोरख सिंह महाविद्यालय में होगा केंद्रीय विद्यालय का संचालन

दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान) । महाराजगंज केंद्रीय विद्यालय का संचालन मुख्यालय स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में शुरू होगा। यह जानकारी सोमवार को गोरख सिंह महाविद्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, केंद्रीय विद्यालय के उपायुक्त अनुराग भटनागर, प्रशासनिक पदाधिकारी भीम कुमार ने संयुक्त रूप से दी।सांसद ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के भवन उपलब्ध कराने के लिए गोरख सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. अभय कुमार सिंह बधाई के पात्र हैं। साथ ही केंद्रीय विद्यालय के पदाधिकारी भी विद्यालय का संचालन शुरू कराने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। केंद्रीय विद्यालय शुरू होने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस महाविद्यालय परिसर में स्कूल के संचालन से बच्चों को सुरक्षित वातावरण एवं सभी सुविधाएं मिल सकेगी। सांसद ने कहा कि जल्द ही केंद्रीय विद्यालय के लिए स्थायी जमीन उपलब्ध हो जाएगा जहां भवन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही वहां वर्गों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि अभी विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक का संचालन होगा। प्रत्येक वर्ष एक वर्ग बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय सांसद, डीएम, गोरख सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष सह निदेशक प्रो. अभय कुमार सिंह भी बधाई के पात्र हैं।डीएम ने कहा कि महाराजगंज केंद्रीय विद्यालय जो बंद होने के कगार पर था आज पुनः शुरू होने जा रहा है। महाराजगंज क्षेत्र के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए सांसद एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन भी बधाई के पात्र हैं।

सांसद, डीएम, उपायुक्त सहित अनेक पदाधिकारियों से टेघड़ा एवं हरकेशपुर गांव स्थित जमीन का निरीक्षण किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमनारायण साह, गोरख सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष सह निदेशक प्रो. अभय कुमार सिंह, एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, केंद्रीय विद्यालय के सहायक पदाधिकारी आरके दास, प्राचार्य हेमंत कुमार, प्राचार्य एमपी सिंह, डा. त्रिपुरारी सिंह, बीएड प्रभाग के चेयरमैन वीणा कुमारी, अजय कुमार सिंह, भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, अमरजीत सिंह, राहुल सिंह, मनीष सिंह, प्रभारी प्राचार्य प्रो मुरारी सिंह आदि उपस्थित थे।

नामांकन जागरुकता व प्रवेशोत्सव को लेकर संकुल स्तरीय बैठक

मैरवा (सिवान) ~प्रखंड के कैथवली स्थित संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्राधीन प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन के लिए जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम और प्रवेशोत्सव को लेकर सोमवार को संकुल स्तरीय बैठक हुई। बैठक में संकुलाधीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल थे। बैठक में कक्षा एक में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का प्रयास शिक्षकों से करते रहने को कहा गया। संकुल संचालक सुदर्शन प्रसाद ने कहा कि एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक नामांकन जागरुकता पखवाड़ा चलाकर विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करना है। कक्षा एक में छह वर्ष के बच्चों के नामांकन के लिए प्रयास सभी शिक्षकों को करना है। इसके लिए विद्यालय पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी, जागरुकता रैली जैसे कार्यक्रम का आयोजन करने की जरूरत है। सुदर्शन प्रसाद ने कहा कि प्रधानाध्यापक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का व्यापक प्रचार- प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। साइकिल रैली या माईकिंग के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार भी कराया जा सकता ताकि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जा सके। समन्वयक गीता कुमारी ने कहा कि प्रवेशोत्सव विभागीय निर्देश का अनुपालन करते हुए मनाना है। साथ ही साथ जागरुकता रैली से लेकर प्रवेशोत्सव को कार्यक्रम की फोटोग्राफी कर विभाग को उपलब्ध कराया जाए। बैठक में साथ ही विभागीय निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही विद्यालयों में नए रूटीन में घंटीवार रिवीजन की व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में मनोज कुमार सिंह, अशोक कुमार, संतोष कुमार, राज कुमार, रामविनय निराला, विनय कुमार समेत कई प्रभारी प्रधानाध्यापक थे।

मां हड़सरी देवी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

दारौंदा (सिवान) ~प्रखंड के हड़सर गांव स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ हड़सरी देवी मंदिर में चैत्र शुक्ल दशमी को ग्रामीणों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान कोल्हुआ, मीराचक, चिरैया टोला, धानाडीह समेत कई गांवों के ग्रामीण पूजा समारोह में शामिल होकर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मां के जयकार एवं भजन-कीर्तन से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान मेला परिसर में पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया था जिसका लुफ्त श्रद्धालुओं ने उठाया। इस मौके पर चैता गायन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें अरुण व्यास और उमेश यादव की प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के वरिष्ठ नेता सुभाष कुमार शाही उर्फ मुन्ना शाही, जिला पार्षद धर्मेंद्र कुमार यादव, सेठ सिंह, जितेंद्र सिंह, रामाश्रय कुमार और नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बताया जाता है कि यह गांव कभी ब्राह्मणों की बस्ती हुआ करता था। खेदु मिश्र नामक तपस्वी ब्राह्मण ने अत्याचारियों का विनाश कर एक सती स्त्री की रक्षा की थी। मां भवानी इससे प्रसन्न होकर यहीं विराजमान हुईं। कहा जाता है कि रेखा मिश्र ने गंगाजल में दीपक जलाकर मां की साधना की थी और तभी से यहां पूजा-अर्चना और मेले की परंपरा की शुरुआत हुई। यह भी कहा जाता कि भक्त रहषु के पुकार पर मां कामाख्या से चलकर थावे जाने के दौरान यहां कु पल के लिए विश्राम की थी, इसलिए इस स्थल का नाम हड़सरी देवी के नाम से प्रसिद्ध है।

सात दिवसीय हनुमंत महायज्ञ तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

दारौंदा (सिवान) ~प्रखंड की चिंतावनपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ल एकादशी मंगलवार से शुरू होने वाले द्वितीय वार्षिकोत्सव श्रीहनुमत महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महायज्ञ को लेकर पूरे मंदिर परिसर को भव्य और आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यज्ञशाला और प्रवचन पंडाल का निर्माण भी भव्य रूप से किया गया है। गांव में जगह-जगह तोरण द्वार लगाए गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। महायज्ञ को ले मंगलवार की सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में महिलाओं और कन्याओं की विशेष भागीदारी रहेगी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। इसके बाद विधिवत रूप से यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 14 अप्रैल को हवन, पूजन और आरती के साथ होगी। इस अवसर पर भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। यज्ञाधीश आचार्य आशीष गिरि ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन उत्तर प्रदेश के अयोध्या नगरी से पधारी साधना महाराज द्वारा प्रवचन और कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा वाचक साधना शास्त्री के प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ मिलेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ का नेतृत्व आचार्य अमित मिश्रा करेंगे। यज्ञ को ले ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

आठ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह रामकथा को ले निकली कलश यात्रा

हसनपुरा (सिवान) ~प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल स्थित मां काली सह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित आठ दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ सह रामकथा को ले सोमवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 1100 कन्या समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर महुअल महाल, हाथोपुर मुख्य मार्ग, मधवापुर, पिपरा चांदपरसा, पसिवड़, पकड़ी बाजार, शेखपुरवा होते हुए पुनः यज्ञस्थल पर पहुंची, हालांकि इसके पूर्व मंदिर परिसर के समीप पवित्र जलाशय से यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मी निधि मिश्र व उनके सहयोगी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की गई। उसके बाद गणेश पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलशयात्रा के दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव, जय श्रीराम आदि के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न रथों पर भगवान श्रीराम-लखन, माता सीता व हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई थी जो आकर्षण का केंद्र बनी थी। ज्ञात हो कि महायज्ञ की पूर्णाहुति 14 अप्रैल को हवन, पूजन व भंडारे के साथ होगी। महायज्ञ के दौरान प्रातः सात बजे से 11 बजे तक मंडप पूजन, दोपहर तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक स्वाहाकार व शाम सात बजे से श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचिका साध्वी प्रियंका शास्त्री के मुखारविंद से हरि इच्छा तथा प्रवचन का रसपान कराया जाएगा। इस महायज्ञ के यजमान के रूप में पूर्व मुखिया अनूप मिश्र व पत्नी बबीता मिश्र, कृष्णदेव मिश्र व पत्नी मीरा देवी के अलावा हरिशंकर पटेल, मनन मिश्र, पवन सिंह, डा. सुनील पांडेय, अवध बिहारी सिंह, राकेश सिंह, भूपेंद्र पांडेय, विपिन सिंह, अजीत सिंह, रामाकांत ठाकुर, अजीत सिंह, श्यामलाल राम, राजमंगल पांडेय सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

जमीन दिलाने के नाम पर दो लोगों पर ठगी का आरोप

गुठनी (सिवान) ~थाना क्षेत्र के सोनहुला की एक महिला ने थाना में आवेदन देकर श्रीकलपुर के दो लोगों पर जमीन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख ठगी करने का आरोप लगाया है। साथ ही रुपये मांगने पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सोनहुला निवासी शालू देवी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि श्रीकलपुर निवासी प्रमोद तिवारी एवं रंजीत तिवारी हमारे घर आते-जाते थे। इस दौरान उक्त लोगों ने मुझे झांसे में लेकर 17 सितंबर 2024 को 1.30 लाख रुपये फोन पे पर व कुछ दिनों बाद प्रमोद तिवारी के निर्माणाधीन मकान पर तीन लाख रुपये नकद कुल मिलाकर चार लाख 50 हजार रुपये ले ले लिया। मैं अपने पति को बिना बताए रुपये उन्हें दी थी। कुछ दिन बीत जाने के बाद जब उक्त व्यक्तियों ने जमीन नहीं दिलाई तो उनसे रुपये वापस करने की मांग करने लगी। मेरे पति भी उन लोगों से रुपये की मांग करने लगे। रुपये मांगने पर उक्त लोगों द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। महिला ने पुलिस प्रशासन से प्राथमिकी कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

प्रशिक्षण में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को दी गई पोषणयुक्त चावल की जानकारी

भगवानपुर हाट (सिवान) ~प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को पोषणयुक्त चावल के संबंध में जागरूक करने एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पणन पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने भाग लिया। पणन पदाधिकारी ने पोषणयुक्त चावल की उपयोगिता, लाभ और भंडारण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों तक पोषणयुक्त अनाज की उपलब्धता और जागरुकता सुनिश्चित करना तथा विक्रेताओं को इसके सही वितरण के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने बताया कि पोषणयुक्त चावल पोषण तत्वों से भरपूर है, जो हर दाने में आयरन और विटामिन प्रदान करता है। यह चावल स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और हर परिवार को पोषण की गारंटी देता है। उन्होंने बताया कि पोषणयुक्त चावल सामान्य चावल की तरह ही पकने में आसान है, लेकिन पोषण में कहीं अधिक समृद्ध है। इसमें जरूरी खनिज और विटामिन मिलाए जाते हैं जो स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यह सेहतमंद भारत की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस चावल को बनाने के लिए सामान्य चावल को पीसकर उसमें आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी12 को मिलाया जाता है। इसको तैयार करने के लिए एक क्विंटल चावल में एक किलो पोषणयुक्त चावल मिलाया जाता है। बनाया गया राइस में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्व मिलाए जाते हैं, जिससे आम जनता में कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकता है।

शार्ट सर्किट से लगी आग, चार बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

दारौंदा (सिवान) ~थाना क्षेत्र के कोड़ारी कलां में काली मंदिर के समीप सोमवार की दोपहर हुई विद्युत शार्ट सर्किट से हुई अगलगी की घटना में करीब चार बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार ग्रामीण खेत में आग की लपट निकलता देख शोर मचाना शुरू किए। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण खेत की ओर दौड़ पानी व मिट्टी से आग बुझाना शुरू किए तथा घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। पछुआ हवा के कारण आग की लपट तेज होने से आग खेत में फैल चुकी थी। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते करीब चार बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कुछ देर के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इस घटना में गणेश प्रसाद, रामानंद प्रसाद, दिलीप शर्मा, महेश प्रसाद, संदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, बबलू प्रसाद, जगदीश प्रसाद और कृष्ण पंडित की फसलें पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गईं। किसानों का कहना है कि फसल तैयार थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को अविलंब उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।